गड्ढों से जूझती सड़क अब समतल, मरीजों की राहत के पीछे पार्षद की लगातार लड़ाई।

धरना से डामर तक: पार्षद अनिशा पटेल की जिद रंग लाई, नेपा मिल्स हॉस्पिटल की सड़क बनी राहत

नेपानगर। नेपा मिल्स हॉस्पिटल तक पहुंचने वाली सड़क, जो वर्षों से गड्ढों और खराब हालत के कारण मरीजों के लिए परेशानी बनी हुई थी, आखिरकार सोमवार को डामरीकरण के साथ दुरुस्त हो गई। नेहरू स्टेडियम के सामने से हॉस्पिटल के मुख्य गेट होते हुए शिवालय तक दोनों ओर की सड़क अब सुगम हो गई है। ऐसा बताया जाता है की वर्षों से लंबित इस निर्माण कार्य का धरना बना टर्निंग पॉइंट,जिसका विगत 10 दिन की लड़ाई के बाद रास्ता साफ हुआ है यह सड़क सिर्फ एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि संघर्ष की कहानी है। नगर पालिका के बाहर 9 मार्च से 19 मार्च तक चले धरना प्रदर्शन ने इस मुद्दे को केंद्र में ला दिया।

चार महिला कांग्रेस पार्षदों के इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य था–चुनावी वादों में शामिल लंबित कार्यों को पूरा कराना। इसी दबाव के बाद मामला आगे बढ़ा और करीब

25 दिनों के भीतर सड़क का काम पूरा किया गया। पार्षद अनिशा पटेल बनीं पूरे अभियान का चेहरा। इस पूरे मामले में वार्ड पार्षद अनिशा राजेश पटेल की भूमिका सबसे प्रमुख रही।बार-बार शिकायत,लगातार फॉलोअप और आखिर में धरना के जरिए दबाव इन सबने मिलकर इस काम को जमीन पर उतारा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पार्षद अनिशा पटेल लगातार इस मुद्दे को नहीं उठातीं, तो यह सड़क अभी भी फाइलों में ही अटकी रहती। **वादे 2022 के, हकीकत 2026 में—लेकिन पूरा हुआ**–यह वही सड़क है, जिसका वादा जुलाई 2022 के नगरीय निकाय चुनाव के दौरान किया गया था।हॉस्पिटल प्रबंधन और जनप्रतिनिधियों के बीच हुए आश्वासन के बावजूद काम लंबे समय तक अटका रहा।आखिरकार साढ़े तीन साल बाद यह वादा पूरा हुआ जो यह दिखाता है कि जनप्रतिनिधि अगर ठान ले, तो देरी के बाद भी काम संभव है। नेपा मिल्स हॉस्पिटल की यह सड़क अब सिर्फ डामर की परत नहीं, बल्कि संघर्ष, वादा और उसे निभाने की कहानी बन गई है जहां एक पार्षद की जिद ने आखिरकार जनता को राहत दिलाई।

गड्ढों से एम्बुलेंस तक हिलती थी, अब सीधा रास्ता। -पहले हालात ऐसे थे कि एम्बुलेंस तक झटकों से गुजरती थी मरीजों को दर्द और परेशानी झेलनी पड़ती थी हॉस्पिटल पहुंचना ही चुनौती बन जाता था अब डामरीकरण के बाद यह रास्ता सुगम हो गया है, जिससे सीधे तौर पर मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिलेगी। इस पूरे घटनाक्रम ने एक साफ संदेश दिया है सिर्फ आश्वासन नहीं, दबाव और लगातार प्रयास ही काम को जमीन तक लाते हैं इस सड़क के बनने का श्रेय स्थानीय स्तर पर कांग्रेस नेता राजेश पटेल (लारा) को भी दिया जा रहा है, जिनके सहयोग से यह प्रक्रिया आगे बढ़ी।

आज डां भीमराव अम्बेडकर जयंती पर बलाही समाज संघ द्वारा झांकी/ भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा

खंडवा मध्य प्रदेश बलाही समाज संघ जिला ईकाई खंडवा द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिला अध्यक्ष बसंत ढाकसे के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वी जयंती मंगलवार 14अप्रेल 2026को नया बस स्टैंड दादाजी धाम से शनि मंदिर जलेबी चौक एवं नगर निगम होकर जिला चिकित्सालय पर अंबेडकर प्रतिमा पर समाप्त होगी। नारायण फरकले ने बताया कि इस आयोजन को लेकर एस डी एम बजरंग बहादुर सहित समस्त थाना प्रभारियों के साथ एवं अंबेडकर जयंती समारोह मनाने वालों के साथ पुलिस कंट्रोल रूम में एक बैठक आहूत कर सभी को नियमानुसार दिशा निर्देश देकर शांति पूर्वक जयंती उत्सव को मानने का निर्देश दिया।इस अवसर पर थाना प्रभारी मोघट रोड़, थाना प्रभारी पदम नगर , चौकी प्रभारी राम नगर नंदराम वासुरे, कोतवाली थाना प्रभारी, सहित, नारायण फरकले, दशरथ सिसोदे, मनोज ओसवाल, प्रदीप डानल,मांडले आदि मौजूद थे। यह आयोजन में बच्चे बुजुर्ग युवा पीढ़ी एवं मातृशक्ति बढ़-चढ़कर उत्साह में शामिल होकर इस आयोजन को शांति पूर्वक उत्साह के साथ मनाया जाने का सुझाव दिया।इस भव्य शोभायात्रा में डा बाबा साहेब के अनुयाई द्वारा गीत प्रस्तुत किए जायेंगे।

एखंड में गोशाला निर्माण का भूमिपूजन सम्पन

ओंकारेश्वर - (नि प्र)मांधाता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत एखंड में आध्यात्मिक चेतना और गोसेवा के संकल्प के साथ श्री परमहंस आश्रम कामधेनु गोशाला निर्माण का भूमिपूजन ग्रामीण एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ वैदिक ब्राह्मण के गगन भेदी मंत्रोच्चार कर के साथ भूमिपूजन स्वामी निर्मलानंद एवं स्वामी शिवानंद महाराज के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संतों ने गोसेवा को सनातन धर्म का मूल आधार बताते हुए कहा गोशाला निर्माण से क्षेत्र में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। इस अवसर पर महाराज श्री ने सरपंच सचिव सहित ग्रामवासी जनप्रतिनिधियों को यथार्थ गीता भेंट की तथा नियमित पाठ करने का सुझाव भी दियाआश्रम का उद्देश्य गौ माता की सेवा , मानव मात्र का एक मात्र धर्म शास्त्र यथार्थ गीता घर घर पहुंचाना एवं सनातन धर्म के प्रति लोगों को प्रेरित करना महाराज श्री ने कहा गीता पढ़ने से बच्चे भी आपको देखकर संस्कार वान होंगे इस गरिमामयी आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि दिग्विजय सिंह तोमर, गुड्डा दादा तोमर, दयाल सिंह सोलंकी जनपद सदस्य, गोरेलाल सरपंच प्रतिनिधि, सुरेंद्र सिंह पटेल, जवाहरीलाल बोरियाले सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

नेपा मिल्स में संविदा भर्ती का अवसर, विभिन्न तकनीकी पदों पर आवेदन आमंत्रित

नेपानगर। नेपा लिमिटेड द्वारा विभिन्न तकनीकी विभागों में संविदा आधार पर योग्य एवं अनुभवी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जारी सूचना के अनुसार यह भर्ती इलेक्ट्रिकल, पावर हाउस एवं पेपर मशीन से जुड़े पदों के लिए की जा रही है, जिससे संस्थान की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। विज्ञापन में शिफ्ट इंजीनियर, बॉयलर ऑपरेटर, इंस्ट्रूमेंट इंजीनियर, शिफ्ट इंचार्ज, वेट एंड ऑपरेटर सहित अन्य तकनीकी पद शामिल हैं। इन पदों के लिए संबंधित क्षेत्र में अनुभव एवं निर्धारित शैक्षणिक योग्यता आवश्यक रखी गई है। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रारंभिक रूप से 11 माह के लिए संविदा आधार पर की जाएगी, जिसे आवश्यकता एवं कार्य प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ ईमेल या स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी नेपा लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। उम्मीदवारों को विज्ञापन जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निर्धारित समयसीमा के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

खंडवा की अनाज मंडी में बवाल गेंहू के दाम घटते ही किसानों ने किया हंगामा, कांग्रेस ने दिया समर्थन

खंडवा-जिले की अनाज मंडी में सोमवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब किसानों ने गेहूं के दाम में अचानक 300 रुपये की कटौती पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सुबह तुलाई शुरू होते ही व्यापारियों द्वारा कम भाव घोषित किए गए, जिससे किसानों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते किसानों और व्यापारियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में किसान एकजुट हो गए और मंडी प्रशासन व सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करने लगे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि हंगामे की सूचना मिलते ही ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह और किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सोनू गुर्जर मौके पर पहुंचे और किसानों के समर्थन में प्रदर्शन किया। उन्होंने मंडी की अव्यवस्थाओं को उजागर करते हुए पेयजल व्यवस्था, टंकी की सफाई और किसानों के रुकने की समुचित व्यवस्था की मांग उठाई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने किसानों की मांगों को जायज बताते हुए सरकार पर किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को तत्काल हस्तक्षेप कर किसानों को उचित मूल्य दिलाना चाहिए। कांग्रेस प्रतिनिधियों ने, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार मंडी प्रशासन से बातचीत कर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।मंडी प्रशासन ने स्थिति को संभालते हुए किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी।स्थिति बिगड़ती देख मंडी सचिव रामवीर किरार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों से बातचीत कर मामला शांत करने का प्रयास किया, लेकिन व्यापारी किसानों के बीच सीधे आने से बचते नजर आए। करीब एक घंटे तक चले हंगामे और समझाइश के बाद दोबारा खरीदी शुरू हो सकी। किसानों ने आरोप लगाया कि पहले ही समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी देर से शुरू की गई है, ऊपर से पंजीयन प्रक्रिया में कई तरह की बाधाएं आ रही हैं। क्षेत्र के किसान जमनालाल ने बताया कि 'पंजीयन खुलने के बाद भी स्लॉट बुक नहीं हो पा रहे हैं, जिससे मजबूरी में किसानों को मंडी में कम दाम पर उपज बेचनी पड़ रही है। 'वहीं की बात यह रही कि करीब एक घंटे तक चले इस घटनाक्रम के दौरान कोई भी जनप्रतिनिधि किसानों के बीच नहीं पहुंचा। किसानों में इस बात को लेकर भी नाराजगी देखी गई। उनका कहना था कि जब जरूरत होती है, तब कोई जिम्मेदार सामने नहीं आता। कुल मिलाकर, समर्थन मूल्य से कम दाम और व्यवस्थागत खामियों को लेकर किसानों का गुस्सा साफ तौर पर सामने आया।

कार्यकर्ताओं के अनुशासन और समय की पाबंदी से भाजपा संगठन ऊंचाइयों पर है

खंडवा। पूरे प्रदेश भर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हो रहे हैं, खंडवा जिले में भी जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर एवं मंडल अध्यक्षों के मार्गदर्शन में एवं मंडल अध्यक्षों के मार्गदर्शन में प्रत्येक मंडल में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हो रहें है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई मंडल का अभ्यास श्री गणेश गौशाला में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग प्रातः 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक अलग-अलग वर्गों में अलग-अलग विषयों को लेकर आयोजित हुआ वक्ता के रूप में संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा जी, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महापौर अमृता अमर यादव,विधायक कंचन मुकेश तंनवे, हरीश कोटवाले, सेवादास पटेल, श्याम गंगराडे, संतोश चौहान, राकेस पिटारे ने मंडल के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। अभ्यास को संबोधित करते हुए सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुशासन और समय की पाबंदी से आज पार्टी संगठन इतनी ऊंचाइयों तक पहुंचा है। कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ देश और समाज की सेवा करने के साथ पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य करें। अनुशासन और समय की पाबंदी पार्टी के संस्थागत बल का प्रमुख स्तंभ हैं। इन दोनों गुणों के आधार पर ही पार्टी ने अपनी राजनीतिक यात्रा में न केवल सफलता हासिल की है, बल्कि वह समाज में सम्मान और विश्वसनीयता भी अर्जित कर रही है। जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कहा पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को एक समर्पित दृष्टिकोण के साथ अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देती है। अनुशासन का पालन करते हुए जब कार्यकर्ता पार्टी के उद्देश्यों में सक्रिय रूप से योगदान देते हैं, तो यह पार्टी को अपनी मंजिल तक पहुंचाने में सक्षम बनाता है। महापौर अमृता यादव ने कहा कि संगठनात्मक शक्ति और समय-समय पर कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण से भाजपा सभी चुनावों में ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर रही है। संगठन के संरचनात्मक सुधारों व परिवर्तनों ने न केवल पार्टी को नये दृष्टिकोण से संचालित किया है, बल्कि यह देश की राजनीति में भी महत्वपूर्ण बदलाव लाने में सफल साबित हुए हैं। पार्टी द्वारा किए गए नीति परिवर्तनों और उनके परिणामों का उल्लेख करना अत्यंत आवश्यक है। विधायक कंचन तंनवे ने कहा कि हमारी पार्टी के कार्यकर्ता अनुशासित है, पंच परिवर्तन यह परिवर्तन पार्टी के प्रति कार्यकर्ताओं की निष्ठा और विश्वास को और मजबूत करते हैं, जिससे पार्टी हर चुनाव में विजय प्राप्त करती है। यही कारण है कि भाजपा हर चुनाव में सफलता की नई ऊंचाईयों को छूती है और निरंतर विकास के रास्ते पर अग्रसर रहती है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि अभ्यास वर्ग में संभागीय प्रभारी सुरेंद्र शर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज,जिला महामंत्री सूरज पाल सिंह सोलंकी, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे, महापौर अमृता अमर यादव, पुरुषोत्तम शर्मा, हरीश कोटवाले, सेवादास जी पटेल, पूर्व जिला महामंत्री मुकेश तनवे, अमर यादव, सुनील जैन,अनिल विश्वकर्मा, दिनेश पालीवाल, प्रशांत मिश्र, आशीष चटकेले, नीतीश बजाज, कपिल अनजने, गोलू पटेल, विक्की बावरे, अटल बिहारी मंडल की अध्यक्ष स्नेहा पराशर, महामंत्री शेखर वर्मा, निलेश यादव, पार्षद मोनिका बजाज, सुनीता राठौर, पिंकी राठौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन आशीष चटकले ने किया. आभार मंडल महामंत्री शेखर वर्मा ने माना.

जिले मे आबकारी एक्ट के प्रकरण में 04 आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

खंडवा- पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में दिनांक 11.04.2026 को अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना जावर मे आरोपी नगीन पिता झंडु योगी उम्र 45 साल निवासी ग्राम तलवडिया थाना जावर के कब्जे से अवैध 25 क्वार्टर प्लेन देशी शराब के कीमती 1200/-रूपये की जप्ती की गई एवं आरोपी नगीन पिता झंडु योगी उम्र 45 साल निवासी ग्राम तलवडिया थाना जावर के कब्जे से अवैध 25 क्वार्टर प्लेन देशी शराब के कीमती 1200/-रूपये की जप्ती की गई। थाना मूंदी के आरोपी जितेन्द्र पिता नैनसिंह बघेल जाति कोरकु उम्र 21 साल नि. गुलगांव रैय्यत के कब्जे से 08 ली. हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त की जप्त की गई7 थाना मांधाता के आरोपी रामदास पिता बाप्पा उम्र 40 साल जाति भील निवासी नरलाय के कब्जे से अवैध 22 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा कुल कीमती 1760/- रुपये का विधिवत जप्त किया गया। उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध मे धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। दिनांक 11.04.2026 को जिला खंडवा में समस्त थाना प्रभारियों एवं यातायात थाना द्वारा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एच.एस.आर.पी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 44 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं समन शुल्क 18700/-रुपये वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। जिले के विभिन्न थानो मे दिनांक 11.04.2026 को 10 कुल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

श्री मानस समिति की बैठक संपन्न

खण्डवा- नगर की सबसे पुरानी धार्मिक संस्था मानस समिति जो विगत 60 वर्षों से धार्मिक कथा, रामकथा का आयोजन करती आ रही है। मानस समिति की बैठक अध्यक्ष किशोर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी कार्यकाल हेतु निर्वाचन प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी गुरमीतसिंह उबेजा के निर्देशन में हुई जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शरद खण्डेलवाल, सचिव शैलेष पालीवाल तथा कोषाध्यक्ष दीपक पालीवाल को मनोनित किया गया तथा संरक्षक सर्वश्री डॉ. जगदीश चौरे, लखनलाल नागौरी, गोरधन अग्रवाल, किशोर गुप्ता को मनोनित किया। कार्यकारिणी का शीघ्र गठन शीघ्र अध्यक्ष द्वारा किया जावेगा बैठक में डॉ. जगदीश चौरे, लखनलाल नागौरी, गोरधन अग्रवाल, गुरमीत सिंह उबेजा, शांतनु दीक्षित, अखिलेश गुप्ता, शरद खण्डेलवाल, सुनील मिश्रा, कडवा पटेल, प्रमोद पालीवाल, आदि थे।

अधिकार होने के बावजूद समाधान अधूरा: 8वीं के बाद थमता सफर, बाकड़ी में हाईस्कूल के बिना बच्चों के सपनों पर ब्रेक

नेपानगर। आदिवासी क्षेत्र के ग्राम बाकड़ी में शिक्षा का सफर 8वीं कक्षा पर आकर थम जाता है। गांव में माध्यमिक स्तर तक ही स्कूल होने के कारण आगे की पढ़ाई बच्चों के लिए चुनौती बन गई है। इस साल 8वीं पास करने वाले 34 बच्चों में से बहुत कम ही आगे बढ़ पाए—कुछ ने 5 से 12 किलोमीटर दूर जाकर 9वीं में प्रवेश लिया, जबकि बड़ी संख्या में बच्चे यहीं रुक गए। गांव से नजदीकी हाईस्कूल 5 से 12 किमी दूर है। ऐसे में परिवहन की कमी सुरक्षा की चिंता इन वजहों से अभिभावक खासकर बालिकाओं को बाहर नहीं भेज पाते। नतीजा यह कि हर साल कई छात्राएं शिक्षा से वंचित रह जाती हैं।

अधिकार होने के बावजूद समाधान अधूरा, घोषणाएं परन्तु जमीन पर असर नहीं दिखा।-शिक्षा

दूरी, व्यवस्था और इंतजार के बीच फंसी शिक्षा–सबसे ज्यादा असर बेटियों पर, आगे की पढ़ाई बन रही चुनौती।

व्यवस्था से जुड़े सूत्रों के अनुसार, कुछ परिस्थितियों में स्थानीय स्तर पर ही स्कूल उन्नयन की प्रक्रिया संभव होती है। इसके बावजूद प्रस्ताव और प्रक्रिया के बीच तालमेल नहीं बन पा रहा, जिससे बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।स्थानीय स्तर पर वर्षों पहले हाईस्कूल के कई बच्चे पढ़ाई छोड़ चुके हैं जो अब इस समस्या की गंभीरता को और बढ़ाता है।

मापदंड बनाम हकीकत: जमीन पर अलग तस्वीर-हाईस्कूल खोलने के लिए तय मानकों में दूरी का दायरा,छात्रों की संख्या,जनसंख्या जैसे कई बिंदु शामिल खोलने की घोषणा भी हुई थी और स्थान चिन्हित करने की प्रक्रिया भी शुरू हुई थी। लेकिन समय के साथ मामला आगे नहीं बढ़ पाया। इसी बीच गांव हैं। लेकिन बाकड़ी जैसे क्षेत्रों में स्थिति यह है कि जरूरत पहले दिख रही है, प्रक्रिया बाद में चल रही है। गांव में 1 से 8वीं तक पढ़ाई संभव है, लेकिन उसके बाद कुछ बच्चे ही आगे बढ़ पाते हैं बाकी शिक्षा से कट जाते हैं पिछले वर्षों में सैकड़ों बच्चे इस कारण पढ़ाई छोड़ चुके हैं, जो क्षेत्र के भविष्य के लिए गंभीर संकेत है। बाकड़ी की यह स्थिति सिर्फ एक गांव की कहानी नहीं, बल्कि उन सभी क्षेत्रों की हकीकत है जहां स्कूल है, लेकिन पूरा नहीं,पढ़ाई है, लेकिन आगे का रास्ता नहीं,जब तक 8वीं के बाद की कड़ी मजबूत नहीं होगी, तब तक शिक्षा अधूरी ही रहेगी।

न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ. रिकेश कुमार वैश्य), जिला इंदौर (म.प्र.)
(प्रशासनिक संकुल कक्ष क्र. जी 11)
इन्दौर, दिनांक 31-03-2026
क्रमांक/1443/अकरी-2026 प्रकरण क्र./0620/ब-121/2025-2026

पेपर विज्ञप्ति

प्रति,
1. श्री सीताराम कंकरवाल
2. श्रीमती कलावती पति सीताराम
पता 1 :- 120 अ-2 स्कीम नं. 78 विजय नगर इंदौर तहसील व जिला इंदौर 452010
पता 2:- सर्वे नं. 225, 227/1 ब्लोक नं. डी, फ्लेट नं. 203 सेकंड फ्लोर साई ओरचिड रेसीडेंसी सेटेलाईज जंक्शन इंदौर ग्राम कैलोदहाला तहसील व जिला इंदौर

द्वारा:- पेपर प्रकाशन।

प्राधिकृत अधिकारी, बंधक बैंक लिमिटेड शाखा का पता:- 304-305 बी एम टावर, लोटस शो रुम के सामने, सपना संगीता रोड इंदौर 452001 द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया है कि **बंधक संपत्ति सर्वे नं. 225, 227/1 ब्लोक नं. डी, फ्लेट नं. 203 सेकंड फ्लोर साई ओरचिड रेसीडेंसी सेटेलाईज जंक्शन इंदौर ग्राम कैलोदहाला तहसील व जिला इंदौर** पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया है। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर **कक्ष क्रमांक जी-11 में दिनांक 15.04.2026 को दोपहर 03:00 बजे होगी।** आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरीक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला इंदौर (म.प्र.)